‘‘राष्ट्रीय मतदाता दिवस’’

(दिनाँक 25 जनवरी, 2020)

आंतरिक सुरक्षा अकादमी, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, आबू पर्वत में दिनाँक 24 जनवरी, 2020 को ‘‘राष्ट्रीय मतदाता दिवस’’ मनाया गया। इस अवसर पर श्री के.एस.भंडारी, निदेशक/महानिरीक्षक, ने सम्बोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस को मनाने का उद्देश्य लोकतांत्रिक चुनावी सहभागिता को बढाया जाना है, अधिक से अधिक लोग मतदान करें तथा मतदान करते समय किसी भी प्रकार के प्रलोभन से बचें। इस संबंध में निदेशक महोदय ने बताया कि अर्द्धसैनिक बलों पर चुनाव आयोग का पूरा भरोसा है, और इसमें हमारी जिम्मेदारी और अधिक बढ जाती है। हमने हमेशा कई नकारात्मक शक्तियों को दूर किया और चुनाव आयोग के भरोसे को हमेशा कायम रखते हुए अपनी-अपनी ड्यूटियों का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी के साथ किया है। उन्होने उम्मीद जताई कि, आगे भी हम अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन इसी तरह मजबूती से करते हुए, हमारे देश के लोकतंत्र को और अधिक मजबूती प्रदान करते रहेंगे। इस मौके पर श्री राकेश सिंह चौहान, उप महानिरीक्षक (प्रशासन), श्री के. थोमस जोब, उप महानिरीक्षक (प्रशिक्षण), श्री के.के. पांडेय, कमांडेंट (प्रशिक्षण) तथा एन.पी.ए.सी क्र.सं.-44 एवं पी.ओ.सी.सी. क्र.सं.-17 के प्रतिभागी अधिकारी, राजपत्रित अधिकारी, एवं अधीनस्थ अधिकारी और जवान उपस्थित थे।

श्री के.एस. भंडारी, निदेशक/महानिरीक्षक, आंसुअ, केरिपुबल, आबू पर्वत, ‘‘राष्ट्रीय मतदाता दिवस’’ पर शपथ दिलाते हुए ।

श्री के.एस. भंडारी, निदेशक/महानिरीक्षक, आंसुअ, केरिपुबल, आबू पर्वत, ‘‘राष्ट्रीय मतदाता दिवस’’ पर प्रस्तावना के दौरान।

आंसुअ, केरिपुबल, आबू पर्वत, में राजपत्रित अधिकारी, प्रतिभागी अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी और जवान ‘‘राष्ट्रीय मतदाता दिवस’’ पर शपथ लेते हुए।